छत्तीसगढ़ शासन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
(COVID-19)

# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 17 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 65 हजार सैम्पलों की हुई जांच, पॉजिटिविटी दर 10 प्रतिशत पर पहुंची

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 17 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 10 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 65 हजार सैंपलों की जांच में से 6578 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करने में पूरे देश में छत्तीसगढ़ का दूसरा स्थान

- हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करने में देश में छत्तीसगढ़ का दूसरा स्थान है व कर्नाटक राज्य पहले स्थान पर है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2020-21 के रिपोर्ट अनुसार लक्ष्य को पूरा करने एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय करने के लिए अंतिम तिमाही में राज्यों की रैंकिंग में पूरे देश में छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। इस सूची में जहाँ दिल्ली जैसे राज्य सैंतीसवें स्थान पर, राजस्थान छब्बीसवें, उत्तरप्रदेश चौदहवें, मध्यप्रदेश तेरहवें, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्य चौथे व पांचवें पायदान पर हैं वहीं छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ ने कोरोना महामारी के इस कठिन समय में भी अपना नाम देश के शीर्ष राज्यों में शामिल कराया है। राज्य में लक्ष्य से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों का हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों में उन्नयन किया गया है ताकि गैर संचारी रोगों के सम्बंध में समस्त सेवाएँ प्रदेश के दूरस्थ अंचलों के लोगों को भी मिल सके।

## सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों में होगा माइक्रोबायोलॉजिकल सर्विलेंस

- स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी शासकीय और निजी अस्पतालों में माइक्रोबायोलॉजिकल सर्विलेंस के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा इस संबंध में आज सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों के अधिष्ठाताओं, सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जन-सह-अस्पताल अधीक्षकों को परिपत्र जारी कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी अस्पतालों में माइक्रोबायोलॉजिकल सर्विलेंस सुनिश्चित करते हुए हर सप्ताह इसका प्रतिवेदन राज्य सर्विलेंस इकाई को भेजने कहा है।

## अनियंत्रित डायबिटीज और स्टेरायड के अत्यधिक उपयोग से ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) की संभावना अधिक

- राज्य में ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) से ग्रसित मरीज के प्रकरण आ रहे हैं। अभी तक प्रदेश में 76 प्रकरण सामने आए हैं और उनका इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में इसके इलाज के लिए पर्याप्त दवाईयां हैं। राज्य में ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) का इलाज चिकित्सा महाविद्यालयों में किया जा रहा है।
- ब्लैक फंगस संक्रामक बीमारी नहीं है। यह एक मरीज से दूसरे मरीज को नहीं फैलता है। यह सेंकेडरी संक्रमण की श्रेणी में आता है। यह उन मरीजों को ज्यादा प्रभावित करता है जिन्हे अनियंत्रित डायबिटीज हो और कोविड से ग्रस्त होने के कारण स्टेरायड दवाई से उनका उपचार हुआ हो। यह बीमारी व्यक्तिगत साफ सफाई, मुख की साफ सफाई नहीं रखने वाले व्यक्तियों को अधिक हो सकती है। इसके अलावा जिनका अंग प्रत्यारोपण हुआ हो और उन्हे इम्यूनोसप्रेसेंट दवाईयां दी गई हों, उनमें भी ब्लैक फंगस होने की संभावना अधिक होती है।
- पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु राज्य के तकनीकी समिति के विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित स्टैन्डर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को जारी किया गया है।

### ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) की सामान्य जानकारी व उससे बचने के उपाय

- ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) एक फंगल संक्रमण है। यह उन लोगों को ज्यादा प्रभावित करता है जो दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है और दवाईयां ले रहे हैं। इससे उनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता प्रभावित होती है। यदि व्यक्ति के शरीर में यह फंगस सूक्ष्म रूप में शरीर के अन्दर चला जाता है तो उसके साइनस या फेफड़े प्रभावित होंगे जिससे गम्भीर बीमारी हो सकती है। यदि इस बीमारी का इलाज समय पर नहीं किया गया तो यह घातक हो सकती है।
- यह बीमारी किसे हो सकती है – यह बीमारी कोविड–19 मरीजों में जो डायबीटिक मरीज हैं या अनियंत्रित डायबीटिज वाले व्यक्ति को, स्टेरोईड दवाईयां ले रहे व्यक्ति को या आई.सी.यू. में अधिक समय तक भर्ती रहने से यह बीमारी हो सकती है। यदि निम्नानुसार लक्षण दिखे तो चिकित्सक से तुरंत सम्पर्क करना चाहिए।
- बीमारी के लक्षण – आंख/नाक में दर्द और आंख के चारों ओर लालिमा, नाक का बंद होना, नाक से काला या लाल तरल द्रव्य निकलना, जबड़े की हड्डी में दर्द होना, चेहरे में एक तरफ सूजन होना, नाक/तालु काले रंग का होना, दांत में दर्द, दांतों का ढ़िला होना, धुंधला दिखाई देना, शरीर में दर्द होना, त्वचा में चकते आना, छाती में दर्द, बुखार आना, सांस की तकलीफ होना, खून की उल्टी, मानसिक स्थिति में परिवर्तन आना।
- कैसे बचा जा सकता है – धूल भरे स्थानों में मास्क पहनकर, शरीर को पूरे वस्त्रों से ढंक कर, बागवानी करते समय हाथों में दस्ताने पहन कर और व्यक्तिगत साफ–सफाई रख कर।

## औषधि प्रशासन विभाग को जानकारी दिए बिना पोसाकोनाजोल और एम्फोटेरेसिन-बी का वितरण नहीं कर सकेंगे दवा विक्रेता

- प्रदेश में ब्लैक फंगस के संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सभी थोक दवा विक्रेताओं को इसके इलाज में उपयोग होने वाले पोसाकोनाजोल और एम्फोटेरेसिन-बी के वितरण की जानकारी विभाग को देने के निर्देश दिए हैं। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इस संबंध में सभी थोक औषधि विक्रेताओं को परिपत्र जारी किया है।
- विभाग ने परिपत्र में कहा है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में ब्लैक फंगस का संक्रमण बढ़ रहा है। इसकी रोकथाम के लिए पोसाकोनाजोल (Posaconazole) और एम्फोटेरेसिन-बी (Amphotericin-B) दवा का युक्तिसंगत वितरण अति आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश के सभी अनुज्ञप्तिधारी थोक औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे इन दोनों दवाओं का वितरण खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को जानकारी दिए बिना न करें। दवा विक्रेताओं द्वारा जानकारी नहीं दिए जाने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 18(ठ), 66(1) के तहत अनुज्ञप्ति निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

## 18 से 44 आयु वर्ग के टीकाकरण में तेजी, अब तक 4.77 लाख युवाओं को लगाए गए टीके

### प्रदेश में पहली और दूसरी खुराक मिलाकर कुल 65.50 लाख डोज़ दी गई

- छत्तीसगढ़ में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग का टीकाकरण तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक (16 मई तक) इस आयु वर्ग के चार लाख 77 हजार 044 युवाओं को टीके लगाए जा चुके हैं। इनमें अंत्योदय राशनकार्डधारी परिवारों के 83 हजार 303, बीपीएल वर्ग के दो लाख चार हजार 603, एपीएल के एक लाख 33 हजार 181 और 55 हजार 957 युवा फ्रंटलाइन वर्कर्स शामिल हैं। प्रदेश को इस आयु वर्ग के टीकाकरण के लिए अब तक कुल सात लाख 97 हजार टीकों की आपूर्ति हुई है जिन्हें सभी जिलों को वितरित कर दिया गया है। चारों वर्गों के टीकाकरण के लिए सभी जिलों में टीके उपलब्ध हैं।

- प्रदेश के 18 से 44 वर्ष के युवा टीकाकरण के लिए राज्य शासन के वेब पोर्टल cgteeka.cgstate.gov.in के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। इस आयु वर्ग के लिए एक ही टीकाकरण केंद्र पर अलग-अलग वर्गों के लिए बनाए गए साइट्स पर टीके का वेस्टेज रोकने के लिए वायल में बचे हुए टीकों को आपस में साझा किया जा रहा है। इससे टीकों को बर्बाद होने से बचाने में बहुत मदद मिल रही है।

- प्रदेश में 18 से 44 आयु वर्ग को कोरोना से बचाव के लिए लगाए गए पहले टीके तथा 45 वर्ष से अधिक के लोगों को लगाए गए पहले और दूसरे डोज को मिलाकर कुल 65 लाख 50 हजार से अधिक टीके लगाए गए हैं। इनमें तीन लाख चार हजार 056 स्वास्थ्य कर्मी, तीन लाख तीन हजार 761 फ्रंट्लाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 43 लाख 74 हजार 937 नागरिक और 18 से 44 वर्ष के चार लाख 77 हजार 044 युवा शामिल हैं। प्रदेश भर के विभिन्न टीकाकरण साइट्स में प्रतिदिन बड़ी संख्या में 45 वर्ष से अधिक के नागरिकों और 18 से 44 वर्ष के युवाओं को टीके लगाए जा रहे हैं। व्यापक स्तर पर टीकाकरण से कोरोना संक्रमण का प्रसार रोकने में बहुत मदद मिल रही है।

## आज दिनांक 17 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 48,105 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 657 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 48105 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 2967, बीपीएल के 20686, एपीएल के 19138, फ्रंटलाइन वर्कर के 5314 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

* डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09

Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 6577 |
| | | कुल | 919054 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 1458 |
| | | कुल* | 141888 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 11207 |
| | | कुल* | 669127 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 12665 |
| | | कुल | 811015 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 96156 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 149 | कोविड–19 | 64 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 85 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

| |
|---|
| आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 65,000 |

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

| छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 17-05-2021 | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 171 | 94228 | 31 | 13031 | 326 | 76067 | 89098 | 3449 | 8 | 1681 |
| 2 | राजनांदगांव | 162 | 54646 | 86 | 11924 | 351 | 39392 | 51316 | 2860 | 2 | 470 |
| 3 | बालोद | 146 | 25367 | 106 | 7773 | 319 | 14906 | 22679 | 2357 | 4 | 331 |
| 4 | बेमेतरा | 90 | 18966 | 8 | 3098 | 246 | 14030 | 17128 | 1626 | 3 | 212 |
| 5 | कबीरधाम | 162 | 21706 | 20 | 2126 | 331 | 16331 | 18457 | 3017 | 2 | 232 |
| 6 | रायपुर | 318 | 153228 | 267 | 27205 | 356 | 116968 | 144173 | 6055 | 20 | 3000 |
| 7 | धमतरी | 184 | 24568 | 42 | 2133 | 493 | 19500 | 21633 | 2458 | 3 | 477 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 335 | 38925 | 52 | 7766 | 941 | 25633 | 33399 | 5137 | 6 | 389 |
| 9 | महासमुंद | 187 | 28909 | 41 | 3520 | 269 | 21455 | 24975 | 3629 | 0 | 305 |
| 10 | गरियाबंद | 137 | 18194 | 10 | 3254 | 260 | 12747 | 16001 | 2022 | 2 | 171 |
| 11 | बिलासपुर | 225 | 63002 | 131 | 5888 | 578 | 51082 | 56970 | 4930 | 22 | 1102 |
| 12 | रायगढ़ | 499 | 57099 | 173 | 10413 | 1065 | 37919 | 48332 | 7993 | 12 | 774 |
| 13 | कोरबा | 476 | 50985 | 60 | 3955 | 400 | 40160 | 44115 | 6372 | 6 | 498 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 363 | 51967 | 24 | 6991 | 1163 | 37046 | 44037 | 7279 | 15 | 651 |
| 15 | मुंगेली | 179 | 21685 | 5 | 797 | 563 | 16341 | 17138 | 4413 | 8 | 134 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 179 | 10442 | 13 | 586 | 322 | 7424 | 8010 | 2330 | 3 | 102 |
| 17 | सरगुजा | 336 | 28329 | 39 | 3007 | 612 | 20490 | 23497 | 4622 | 3 | 210 |
| 18 | कोरिया | 506 | 21792 | 14 | 1367 | 393 | 15206 | 16573 | 5085 | 5 | 134 |
| 19 | सूरजपुर | 486 | 23660 | 13 | 1736 | 350 | 16656 | 18392 | 5110 | 13 | 158 |
| 20 | बलरामपुर | 406 | 16053 | 8 | 1303 | 543 | 11342 | 12645 | 3311 | 2 | 97 |
| 21 | जशपुर | 402 | 22144 | 58 | 3628 | 487 | 14138 | 17766 | 4224 | 3 | 154 |
| 22 | बस्तर | 179 | 17120 | 33 | 3857 | 171 | 11316 | 15173 | 1802 | 0 | 145 |
| 23 | कोंडागांव | 74 | 11031 | 34 | 1480 | 112 | 8371 | 9851 | 1093 | 1 | 87 |
| 24 | दंतेवाडा | 78 | 8881 | 1 | 3775 | 40 | 4529 | 8304 | 558 | 0 | 19 |
| 25 | सुकमा | 24 | 5354 | 38 | 2925 | 17 | 2119 | 5044 | 295 | 0 | 15 |
| 26 | कांकेर | 182 | 21602 | 47 | 2893 | 414 | 15254 | 18147 | 3263 | 4 | 192 |
| 27 | नारायणपुर | 48 | 3094 | 76 | 2113 | 15 | 565 | 2678 | 406 | 0 | 10 |
| 28 | बीजापुर | 42 | 5403 | 28 | 2808 | 70 | 2140 | 4948 | 424 | 2 | 31 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 674 | 0 | 536 | 0 | 0 | 536 | 36 | 0 | 102 |
| महायोग | | 6577 | 919054 | 1458 | 141888 | 11207 | 669127 | 811015 | 96156 | 149 | 11883 |
| कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है। | | | | | | | | | | | |

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



←—— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ——→

